कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 08.10.2024

विषय:- थाना चौक पुलिस द्वारा 625 कि0ग्रा0 अवैध पटाखो/विस्फोटक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध व प्रभारी निरीक्षक चौक के नेतृत्व में थाना चौक पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना चौक क्षेत्र सी.के 41/54 हौज कटोरा पत्थर गली 625 कि0ग्रा0 अवैध विस्फोटक सामग्री (पटाखा) बरामद कर अभियुक्त युसुफ खान उर्फ रिज्जू पुत्र सुजात खान निवासी सी.के 41/54 हौज कटोरा पत्थर गली थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी को दिनांक- 08.10.2024 को उक्त पते से हिरासत पुलिस लिया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना चौक पर मु0अ0सं0- 105/2024 धारा- 287 बीएनएस व 9B विस्फोटक अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण:- दिनांक 08.10.2024 को थाना चौक पुलिस चौक चौराहे पर आगामी त्यौहार के विषय में क्षेत्र में संचालित अवैध पटाखों के संबंध में आपस में वार्ता कर रहे थे तभी मुखबिर खास ने आकर सूचना दिया कि पत्थर गली में मकान के अंदर एक हाल में बहुत सारा अवैध पटाखा रखा हुआ है मौके पर पहुंच कर मुखबिर खास मकान की तरफ इशारा करके वहा से हट गया मकान को घेरकर दरवाजा खुलवाया तो मकान मालिक के द्वारा दरवाजा खोला गया। गलियारे में भारी मात्रा में बोरी व कार्टून मिले जिसे पास जाकर देखा गया उसमें भारी मात्रा में पटाखा रखे हुए है।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- दिनांक 08.10.2024, स्थान- सी.के 41/54 हौज कटोरा पत्थर गली थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

नाम व पता अभियुक्तगण- अभियुक्त युसुफ खान उर्फ रिज्जू पुत्र सुजात खान निवासी सी.के 41/54 हौज कटोरा पत्थर गली थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी उम्र- वर्ष।

बरामदगी का विवरण:- अवैध 9 बोरी और 11 कार्टून वजन 625 कि0ग्रा0 विस्फोटक(पटाखा)

बरामद एवं गिरफ्तार करने वाली टीम: -

1. प्रभारी निरीक्षक विमल कुमार मिश्रा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 कुमार गौरव सिंह चौकी प्रभारी दालमंडी थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी
3. प्रशि0 उ0नि0 मनीष सिंह थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी
4. उ0नि0 आलोक कुमार यादव थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी
5. प्रशि0 अनूपकुमार राम थाना थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी
6. हे0का0 अमरेन्द्र सिंह थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी
7. का0 अरविन्द कुमार यादव थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी
8. का0 भोलू खरवार थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी
9. का0 चन्दन पाण्डेय थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।